# समाज कार्य परामर्श में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. परामर्श द्वितीय वर्ष)

## सत्रीय कार्य : 2026–2027

### पाठ्यक्रम शीर्षक

एम.एस.डब्ल्यू–012 : जीवन की विशेषताओं और चुनौतियों का परिचय
एम.एस.डब्ल्यू–013 : परामर्श के मनोवैज्ञानिक आधार का परिचय
एम.एस.डब्ल्यू–014 : परामर्श में सामाजिक वैयक्तिक कार्य की प्रासंगिकता
एम.एस.डब्ल्यू.–015: परामर्श के मूल तत्व
एम.एस.डब्ल्यू.–016: परामर्श के क्षेत्र

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः
जुलाई,2026 सत्र –31 मार्च,2027
जनवरी,2027 सत्र –30 सितम्बर,2027

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य (परामर्श) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (द्वितीय वर्ष)में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें।समाज कार्य (परामर्श) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के समाज कार्य (परामर्श)कार्यक्रम का अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।

- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक से मिलें।
  परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए30% भारित देते हैं।**सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**डॉ. एन. रम्या**
**(कार्यक्रम समन्वयक)**

# परामर्श के क्षेत्र
# सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू–16**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) मानसिक स्वास्थ्य का क्या अर्थ है? मानसिक स्वास्थ्य अभ्यास मॉडल की व्याख्या करें। 20

अथवा

परामर्श को परिभाषित करें। पुनर्वास परामर्श के विशेष क्षेत्रों की सूची बनाएँ। 20

2) तनाव को परिभाषित करें। तनाव प्रबंधन के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों और रणनीतियों का वर्णन करें। 20

अथवा

माता–पिता बनने के चरणों और प्रत्येक चरण से जुड़ी प्रमुख जिम्मेदारियों की व्याख्या करें।

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **300** शब्दों में) दीजिएः

क) विकलांगता के क्षेत्र में माता–पिता के परामर्श के महत्व को समझाइए। 10

ख) घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के मुख्य प्रावधानों पर चर्चा करें। 10

ग) किशोरों के साथ प्रभावी ढंग से काम करने के लिए आवश्यक परामर्श कौशल की जांच करें। 10

घ) दैनिक जीवन में समय प्रबंधन की प्रमुख तकनीकों और रणनीतियों पर चर्चा करें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (लगभग **150** शब्दों में) दीजिएः

क) न्यायिक प्रणाली में परामर्शदाता की भूमिका पर प्रकाश डालें 5

ख) स्व–सम्मोहन की अवधारणा की व्याख्या करें और इसके उपयोगों पर संक्षेप में चर्चा करें। 5

ग) कृषि और मध्ययुगीन समाजों में बुजुर्गों द्वारा निभाई गई भूमिकाओं की चर्चा करें। 5

घ) दुर्खेम के अनुसार आत्महत्या के किसी भी एक सिद्धांत की संक्षेप में व्याख्या करें 5

ङ) किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2000 का विस्तार करें। 5

च) पारिवारिक जीवन में वैवाहिक वैमनस्य के प्रमुख कारणों का विश्लेषण करें। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (लगभग **100** शब्दों में) लिखिएः

क) परिवार परामर्श 4

ख) आश्रम सेवाएं 4

ग) रेफरल सिस्टम 4

घ) निर्देशित काल्पनिक 4

ङ) समतावाद 4

च) एमईटी 4

छ) देखभाल करना 4

ज) मुकाबला करने का कौशल 4